कार्यालय रक्षा लेखा महानियंत्रक

पालम रोड, दिल्ली छावनी-110010

सं. – 0746/हिंदी कक्ष/रा.भा./वा.का./जिल्द-2 दिनाँक – 20.04.2015

सेवा में,

सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/
रक्षा लेखा नियंत्रक/प्रधान लेखा नियंत्रक(फै.)

विषय – **संघ के विभिन्न सरकारी प्रयोजनों के लिए राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2015-16 के लिए वार्षिक कार्यक्रम।**

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए वार्षिक कार्यक्रम 2015-16 जारी कर दिया गया है तथा इसे राजभाषा विभाग के पोर्टल rajbhasha.nic.in से डाउन लोड कर लिया जाए।

इस संबंध में अनुरोध है कि वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए उसमे निर्धारित लक्ष्यों एवं मुख्य बातों का उल्लेख करते हुए इसे अपने अपने मुख्य कार्यालय तथा सभी अधीनस्थ कार्यालयों में परिचालित करने का कष्ट करें। कृपया वार्षिक कार्यक्रम की अनुपालन संबंधी कार्रवाई रिपोर्ट प्रत्येक तिमाही के अंत में मुख्यालय को भेजी जाए एवं वार्षिक कार्यक्रम से संबंधित वार्षिक समेकित अनुपालन रिपोर्ट यथा समय मुख्यालय कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित किया जाए।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में वार्षिक कार्यक्रम को एक मद के रूप में रखा जाए तथा इसमें दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने के संबंध में भी चर्चा की जाए।

कृपया वर्ष 2014-15 को वार्षिक कार्यक्रम संबंधी समेकित अनुपालन रिपोर्ट 15 मई, 2015 तक अनिवार्य रूप से भिजवा दी जाए।

रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक(ले.प.) के अनुमोदन से जारी।

(दिलीप कुमार)
हिंदी अधिकारी

प्रतिलिपि सेवा में,
ईडीपी केन्द्र(स्था.)

वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु

(दिलीप कुमार)
हिंदी अधिकारी

C:\Documents and Settings\Administrator\My Documents\आदेश-परिपत्र\आदेश-परिपत्र.docx